हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

जय नानेश !! श्री महावीराय नमः !! जय रामेश

## शुद्ध आहार-शाकाहार

गुरु पुष्य नक्षत्र पर आपके जीवन में सुख समृध्दि के लिए और पारिवारिक जीवन के सुखमय होने की कामना के साथ और स्वणार्भूषणों की खरीददारी के लिए आपके स्वागत को तत्पर है....

# पार्श्व अमन ज्वेलर्स

गुरु पुष्य नक्षत्र में खरीदी गई वस्तु लंबे समय तक उपयोगी रहती है. इस साल का आखिरी गुरु पुष्य नक्षत्र 24 अक्टूबर 2024 को सुबह 06.15 मिनट से शुरू होगा और इसकी समाप्ति 25 अक्टूबर 2024 को सुबह 7.40 मिनट पर होगी. ऐसे में 24 अक्टूबर का पूरा दिन खरीदारी के लिए श्रेष्ठ है.



माना जाता है कि, इस नक्षत्र में आप जो भी चीज खरीदते हैं वो बरकत देती है, उससे आपके जीवन में सुख-समृद्धि आती है और पारिवारिक जीवन सुखमय बना रहता है। 24 अक्टूबर को गुरु पुष्य योग में स्वर्ण आभूषण, खरीदना चाहिए।





◆ शुद्धता की गारंटी ◆ सही माप, उचित दाम ◆ आकर्षक डिजाइन के जेवर



## सर्वार्थ सिद्ध योग
# पुष्य नक्षत्र



हॉलमार्क ज्वेलरी मिलने का अधिकृत संस्थान

जैन मंदिर के पास, गांधी चौक-महासमुंद (छत्तीसगढ़) मो.नं.94252-15906, 94242-40012

**खबर संक्षेप**



## भाजपाइयों ने सुनी किसानों की समस्याएं

**महासमुंद।** एसडीएम कार्यालय परिसर में राजस्व विभाग संबंधी समस्याओं के चलते पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा, पार्षद देवीचंद राठी ने पीड़ित लोगों की समस्याएं सुनी। बुधवार को पीड़ित किसानों ने कहा कि इतने दिनों से वह अपने समस्याओं के निराकरण के लिए नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय तक में गुहार लगा रहे हैं, इन सबके बावजूद भी कोई भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनके प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। वर्षों से लंबित चले आ रहे प्रकरणों के निराकरण न होने के कारण किसान अपनी फसल समर्थन मूल्य में नहीं बेच पा रहे, न ही बैंक से ऋण ले पा रहे, न ही खाद ले पा रहे। किसानों को हर साल लाखों का नुकसान हो रहा है, छोटी से छोटी राजस्व विभाग संबंधी प्रकरणों का भी निराकरण नहीं हो पा रहा। पीड़ित किसानों और लोगों ने कहा है कि राज्योत्सव के दौरान वह सभी पैदल यात्रा कर राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री का घेराव करेंगे। सभी प्रकरणों को उनके समक्ष प्रस्तुत कर निराकरण कराने की मांग करेंगे। डॉ चोपड़ा ने लोगों की बात सुनने के बाद कलेक्टर से फोन पर बात कर समस्याओं के सम्बंध में जानकारी दी तथा एसडीएम व तहसीलदार से मिलकर चर्चा की और त्वरित लोगों के प्रकरणों को प्रस्तुत कर प्रकरण के जांच के उपरांत न्यायसंगत निराकरण करने की बात कही। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जाता तो मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री के पास जाकर राजस्व विभाग के अधिकारियों की शिकायत करेंगे।

# तीन माह के भीतर सभी पात्र विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्णय

### बैठक में जाति प्रमाण पत्र के लंबित लक्ष्यों को पूरा करने की प्रगति पर हुई चर्चा, यू-डाइस कार्य की समीक्षा भी की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बीआरसी कार्यालय के सभागार में संकुल समन्वयकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरिशंकर पैंकरा, नायब तहसीलदार टिकेंद्र नूरूटी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा और बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विकासखंड में लंबित जाति प्रमाण पत्रों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना था। बैठक के दौरान संकुल समन्वयकों ने जाति प्रमाण पत्र के लंबित लक्ष्यों को पूरा करने की प्रगति पर चर्चा की और यह सर्वसम्मति से तय किया गया कि तीन माह के भीतर सभी पात्र विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में यू-डाइस कार्य की समीक्षा भी की गई, ताकि विद्यालयों से संबंधित आंकड़ों को समय पर संकलित और अद्यतन किया जा सके। इसके अतिरिक्त, कक्षा 3, 6 और 9 के विद्यार्थियों के लिए होने वाले परख (पूर्व नाम नेशनल अचीवमेंट सर्वे, एनएएस) की तैयारी पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने इस सर्वे के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह सर्वे शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करने और शैक्षिक सुधारों को दिशा देने में सहायक होगा। सभी संकुल समन्वयकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि विद्यार्थियों को इसके लिए समुचित ढंग से तैयार किया जाए। बच्चों के लिए बनाई जा रही अपार आईडी की प्रगति पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। ताकि, सभी विद्यार्थियों का अपार पंजीकरण समय पर पूरा हो सके और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। साथ ही वीरगाथा से संबंधित आयोजित कार्यक्रमों और उसके ऑनलाइन एंट्री की समीक्षा की गई। जिसमें विद्यार्थियों को भारतीय वीरों की कहानियों से प्रेरणा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करने पर बल दिया गया। सड़क सुरक्षा के विषय पर भी बैठक में चर्चा की गई।



#### हेलमेट पहनकर आए समन्वयकों को पुष्प भेंटकर किया सम्मानित

अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैंकरा ने सभी संकुल समन्वयकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से हेलमेट के उपयोग और गति सीमा का पालन करने के निर्देश दिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। हेलमेट पहनकर आए समन्वयकों को पुष्प भेंटकर सम्मानित किया गया और यह संदेश दिया गया कि वे इस आदत को अपने क्षेत्र में भी प्रोत्साहित करें। बैठक के अंत में अधिकारियों ने सभी संकुल समन्वयकों से आग्रह किया कि जाति प्रमाण पत्र से लेकर यू-डाइस, परख, अपार आईडी, वीरगाथा परियोजना और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को पूरी तत्परता और समर्पण से पूरा किया जाए, ताकि विकासखंड में शिक्षा और सुधार के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त किया जा सके।

### आंदोलन: हड़ताल के कारण राजस्व के छोटे-बड़े अन्य कार्य काफी प्रभावित

# मांगों को लेकर दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखकों एवं स्टांप विक्रेता संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय हड़ताल पर चले जाने से राजस्व के साथ छोटे-बड़े अन्य कार्य काफी प्रभावित हो रहा है। प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालय में वर्षों से अवैतनिक सेवा देने वाले दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता द्वारा अपनी कुछ जायज मांगों को पूरा किए जाने के लिए शासन का ध्यान आकृष्ट करने बाबत विभिन्न चरणों में अपना मांग पत्र सौंपा गया है। परंतु, प्रशासन की तरफ से उक्त मांगों पर कभी भी विचार नहीं किया गया है। जिसके फलस्वरूप दस्तावेज लेखकों और स्टांप विक्रेता संघ द्वारा अपने प्रदेश संघ के माध्यम से एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल किया। और शासन प्रशासन को अपनी जायज मांगों को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। तत्पश्चात एक सप्ताह काली पट्टी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किए एवं बीते माह भी 18, 19, 20 सितंबर को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाकर पुनः ज्ञापन दिया गया था। जिस पर विभाग द्वारा हमारे संघ के प्रतिनिधि मंडल को सम्मान पूर्वक वार्ता के लिए आमंत्रित किया और हमारी समस्याओं को 15 दिवस के अंदर पूरा किए जाने का आश्वासन दिया गया था। परन्तु, एक माह बीत जाने पर भी हमें अवगत नहीं कराया गया। इस संबंध में जानकारी के लिए संघ ने 10 अक्टूबर को पत्र लिखकर सकारात्मक जवाब चाहा, पर कोई जवाब नहीं आया। इस बीच नई योजनाओं को आईटी साल्युशन, एनजीटी, आरएस ई-स्टांप को लागू कर निष्पादित करने दिया गया है। अब तक बहुत ही सहजता से विभाग के सभी योजनाओं व प्रक्रियाओं को स्वीकार कर पालन किया। परंतु हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। इस बीच एक नई योजना (सुगम एप) को लागू कर दिया गया है, जो एक पारदर्शिता के नाम पर आम व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करा सकने का प्रचार किया जा रहा है, जो एक प्रकार से दस्तावेज लेखकों और स्टांप विक्रेताओं को बेरोजगार करने का उपक्रम प्रतीत हो रहा है। इसलिए अब हम शासन से अपनी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी के साथ पूर्व में दिए गए ज्ञापन में दर्शित विभिन्न मांग के साथ समस्त दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेताओं को पंजीयन विभाग में समायोजित किए जाने की मांग करते हुए 21 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य है। संघ के सदस्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि इस पत्र के माध्यम से प्रदेश संघ पुनः शासन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता है और शासन से आशा करता है कि इस दिशा में अवश्य कोई सार्थक पहल कर हमारी जायज मांगों को पूरा करें। छत्तीसगढ़ शासन को अपना अभिमत देते हुए अपनी जायज मांगों को पूरा कराने अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस दौरान राधेलाल साहू, सुरेश डडसेना, राजकुमार चौधरी, सुनील कुमार, सचिन थनपति, छालो यादव, रघुनाथ मैत्री एवं अन्य दस्तावेज लेखक व स्टांप विक्रेतागण मौजूद रहे।




# नवागांव स्कूल में मेगा बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मंशानुरूप शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में विद्यालय स्तरीय द्वितीय पालक - शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 50 पालक गण उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन पश्चात बैठक में उपस्थित सभी पालकों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाला के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा किया गया। उनके द्वारा बैठक के उद्देश्यों एवं 12 बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं तिमाही परीक्षा परिणाम, छात्र दिनचर्या, बस्ताविहीन शनिवार पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू द्वारा आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं न्योता भोज पर विस्तार से चर्चा की गई। तत्पश्चात शिक्षक अमर कुमार साहू द्वारा अपार आईडी के संबंध में चर्चा के साथ ही शिक्षकों द्वारा आशा अनुरूप प्रदर्शन न कर पाने वाले बच्चों को चिन्हांकित कर उनके पालकों से चर्चा की गई। बच्चों की प्रगति पर चर्चा तथा अपार आईडी की आवश्यकता निर्माण प्रक्रिया एवं सहमति पत्र के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद, उपाध्यक्ष रूपेंद्र निर्मलकर,



सदस्य महेश सिन्हा, मनीराम जांगड़े, सुंदरलाल सिन्हा, फगवाराम, इंदल ध्रुव, गुलाब नागवंशी, जय सारथी, राजकुमार खुटे, देवनारायण, हीराबाई, रामकुमारी, रानू सिन्हा, शकुन निषाद, लता, दुर्गा, कौशल्या समिति के अन्य सभी सदस्य सहित गांव से बड़ी संख्या में पालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने किया।

# विखं स्तरीय द्वितीय व तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ द्वारा विकासखंड स्तरीय द्वितीय व तृतीय सोपान जांच शिविर में स्काउट गाइड के बच्चों को कार्यक्रम के निर्धारित प्रवेश से तृतीय सोपान तक पाठ्यक्रमानुसार के स्काउटिंग आंदोलन की उत्पत्ति से लेकर परोनियर, प्राथमिक उपचार अनुमान लगाना की जानकारी दी गई।

यह पांच दिवसीय शिविर के समापन के अवसर पर मुख्यातिथि सतीश जग्गी पूर्व अध्यक्ष सिरपुर विकास प्राधिकरण छग शासन, अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज हरपाल, विशिष्ट अतिथि आलोक चंद्राकर पूर्व जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष, तेजन चंद्राकर पूर्व मंडी अध्यक्ष, अंकित बागबाहरा पूर्व पर्यटन मंडल छग शासन, विशेष अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष जय पावर अशोक अग्रवाल,




ब्लाक उपाध्यक्षद्वय राजेश सोनी, देवेश साहू, मदन देवांगन, लोकेश्वर चंद्राकर, प्राचार्य हरक राम दीवान, शाला विकास समिति अध्यक्ष रूपेश साहू, उपसरपंच अमित चंद्राकर, रवि सेन, लीलाधर चंद्राकर, देवेंद्र साहू, कौशिल्या ठाकुर रहे। प्रत्येक दिवस प्रशिक्षण मंडल द्वारा अपने निर्धारित पाठ्यक्रम व कार्यक्रम किए। शिविर का संचालन स्काउट विंग से ब्यास नारायण बंजारे एवं गाइड विंग से चंद्रकांता महिलवार ने किया। इस शिविर में 281 स्काउट गाइड, 37 रोवर रेंजर, 57 स्काउटर गाइडर प्रशिक्षण दल भाग लिए। संघ के जिला सचिव प्रमोद कन्नौजे, मुख्यालय आयुक्त राम कुमार साहू ने अपनी सेवाएं दी। क्वार्टर मास्टर नंद कुमार चंद्राकर, जितेंद्र साहू थे। मंच संचालन शेषनारायण साहू ने किया। शिविर समापन पर बच्चों को प्रमाण- पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। परीक्षण मंडल में अरुण कोसे, पूर्व सचिव भीमसेन चंद्राकर, कोषाध्यक्ष भूषण साहू के मार्गदर्शन से स्काउट विभाग में रामगोपाल दीवान, देवेंद्र दीवान, मनोज दीवान, डिगेश्वर साहू, सतीश देवांगन, गगन तोंडेकर, मेंघु साहू, गाइड विभाग से विकास खण्ड आयुक्त गाइड पूरी हरपाल, वीणा साहू, जेनिबिबा तिर्की, उषा किरण ठाकुर, भगवंतीन निराला, रूखमणी बघेल यामनी दुबे, सीमा ठाकुर, ऋचा यादव, रोशनी ध्रुव शामिल हैं। इस प्रशिक्षण में स्काउट गाइड के साथ उनके प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे। इस शिविर कार्यक्रम को सफल बनाने में स्काउट गाइड संघ के पदाधिकारी, शाल विकास समिति, ग्राम पंचायत, वीर शिवाजी ओपन रोवर क्रू, अहिल्याबाई ओपन रेंजर टीम का योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक /1495/ तह./ वाचक/ 2024
बागबाहरा दिनांक 07/10/2024
रा.मा.क्र. ब/121, वर्ष 2023-24
ग्राम सिरींपठारीमुड़ा प.ह.नं. 50
तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम सिरींपठारीमुड़ा पहनं 50 रानिमं खल्लारी तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका जीतराम निषाद पिता नारायण निषाद जाति केवट निवासी ग्राम सिरींपठारीमुड़ा तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे दादा तुरका निषाद जाति केवट की मृत्यु 20.07.1997 को हो गई है। मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजार दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 24/10/2024 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बागबाहरा

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक /1525/ तह./ वाचक/ 2024
बागबाहरा दिनांक 09/10/2024
रा.मा.क्र. ब/121, वर्ष 2023-24
ग्राम फुलवारीकला प.ह.नं. 25
तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम फुलवारीकला पहनं 25 रानिमं तेंदूकोना तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका आनंदराम साहू पिता रूपराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम फुलवारीकला तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्र भीषम कुमार जाति तेली का जन्म दिनांक 07.06.2001 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजार दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 24/10/2024 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बागबाहरा

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक /1524/ तह./ वाचक/ 2024
बागबाहरा दिनांक 09/10/2024
रा.मा.क्र. ब/121, वर्ष 2023-24
ग्राम फुलवारीकला प.ह.नं. 25
तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम फुलवारीकला पहनं 25 रानिमं तेंदूकोना तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका आनंदराम साहू पिता रूपराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम फुलवारीकला तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्री राधिका साहू जाति तेली का जन्म दिनांक 30.07.1998 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजार दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 24/10/2024 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बागबाहरा

### निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत किया गया लाभान्वित

## श्रम योजनाओं के नाम पर श्रमिकों से अवैध मांग की शिकायत करें: श्रम विभाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं के तहत जिले के 1071 लाभार्थियों को एक करोड़ 35 लाख 21 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। यह राशि विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में जमा की गई।

जिले से विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदाय की गई है। इनमें मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 338 लाभार्थी, मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 205 लाभार्थी, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना से 433, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना से 66, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना से 26 एवं मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से 03 लाभार्थी को लाभान्वित किए गए हैं। इसके अलावा 09 अक्टूबर को मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 93 हितग्राहियों को 18 लाख 60 हजार रुपए की राशि वितरित की गई। श्रम विभाग द्वारा चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि किसी श्रमिक से योजना का लाभ दिलाने के नाम पर कोई व्यक्ति या कॉमन सर्विस सेंटर अवैध रूप से पैसे की मांग करता है, तो इसकी शिकायत कलेक्टर कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, जिला श्रम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं पुलिस थाना में दर्ज कराई जा सकती हैं। सभी श्रमिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की ठगी या अवैध मांग की सूचना समय पर संबंधित अधिकारियों को दें ताकि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके।

# विकासखंड स्तरीय स्काउट-गाइड द्वितीय व तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर आज से

**बसना।** भारत स्काउट्स गाइड्स संघ बसना के अध्यक्ष शीत गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश विकास वाधवा, कामेश बंजारा, बसना विकासखंड के हाई, हायर सेकंडरी, पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों का विकासखंड स्तरीय स्काउट एवं गाइड द्वितीय व तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर गढ़फुलझर के संबंध में आवश्यक बैठक हुई। बैठक में विकासखण्ड स्तरीय स्काउट एवं गाइड द्वितीय एवं तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर 24 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़फुलझर रामचंडीमंदिर मार्ग में आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए पूर्व माध्यमिक विभाग से 06 स्काउट, 06 गाइड एवं हाई स्कूल से 12 स्काउट, 12 गाइड तथा पूर्णतः कन्या विद्यालय से 24 गाइड एवं पूर्णतः बालक से 24 स्काउट एवं साथ में 01 स्काउटर एवं 01 गाइडर या 01-01 स्काउट एवं गाइड प्रभारी शिक्षक / शिक्षिका अनिवार्य रूप से भाग लेने के लिए स्थानीय संघ से निर्देशित किया गया है। स्थानीय संघ बसना के सचिव डॉ. विवेकानंद दास ने बताया कि शिविर शुल्क 250 रुपए एवं पंजीयन शुल्क 150 रुपए प्रति स्काउट गाइड एवं प्रति स्काउटर / गाइडर / प्रभारी कुल 400 रुपए प्रति शाला स्काउट मद से देय होगी। प्रशिणार्थियों को संपूर्ण स्काउट गाइड गणवेश, कलम, डायरी, तीन मीटर रस्सी, पांच फीट की लाठी, थाली, गिलास, कटोरी, बाल्टी, प्रसाधन सामग्री, मौसम अनुरूप कपड़े लेकर आना अनिवार्य होगा। यह शिविर पूर्णतः आवासीय होगी। इस शिविर के लिए एएलटी स्काउट गिरीश पाढ़ी शिविर संचालक (स्काउट विंग), एचडब्ल्यूबी गाइड कुसुम कोटक (शिविर संचालक गाइड विंग), सहायक शिविर संचालक प्री एएलटी स्काउट डॉ. विवेकानंद दास, प्री एएलटी स्काउट डॉ. पूर्णानंद मिश्रा, क्वा. मास्टर अनिल सिंह साव, गजानंद भोई, गिरीश गजेंद्र, एचडब्ल्यूबी गाइड सविता सुमन, उर्वशी नेताम, रमाकांती दास, गाइडर ईश्वरी पोर्रे होंगे। शिविर संचालक एवं सहायक शिविर संचालक एडवांस पार्टी के रूप में शिविर स्थल में जाकर स्थल निरीक्षण का कार्य संपन्न करेंगे। प्रशिक्षण दल में एचडब्ल्यूबी शंकर सिंह सिदार, सालिकराम टंडन, हरिराम साव, नंदकुमार ध्रुव, विजय सिंह राजपूत, गाइडर उर्मिला मिश्रा, अन्नपूर्णा बुड़ेक, स्काउटर गजेंद्र नायक, प्रशिक्षण के मीडिया प्रभारी के रूप में डिजेंद्र कुर्रे, प्रेमचंद साव तथा वारिश कुमार को पंजीयन प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्काउट गाइड के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए स्थानीय संघ के अध्यक्ष शीत गुप्ता ने सभी संस्था प्रमुखों से प्रशिक्षण में सहभागिता देकर सफल बनाने के लिए आग्रह किया। बैठक में सभी निर्णय उपस्थित प्राचार्य, प्रधान पाठक, स्काउटर, गाइडर एवं उपस्थित पदाधिकारियों से विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

### चोपड़ा ने किया नगरीय निकाय निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण



**महासमुंद।** एसडीएम कार्यालय के ऊपर स्थित नगरीय निकाय निर्वाचन कार्यालय का पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने का निरीक्षण किया। कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने निर्वाचन संबंधी कार्यों के बारे में बताया। डॉ. चोपड़ा ने कर्मचारियों से जानकारी लेने के बाद कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में जो भी व्यक्ति 18 वर्ष के हो चुके हैं उनका नाम मतदाता सूची में आवश्यक रूप से जोड़े तथा जिन लोगों की मृत्यु हो चुकी हैं, उनका नाम मतदाता सूची से कांटे, किसी भी स्थिति में फर्जी मतदाता न बने इसका ध्यान रखें तथा एक व्यक्ति का सिर्फ एक ही स्थान पर मतदाता सूची में नाम रहे। चोपड़ा ने कहा कि जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा है वे नाम जुड़वा कर मतदान कर सकते हैं तथा जो नगरीय निकाय के एक जगह से दूसरे जगह में आकर निवास कर रहे हैं वह मतदाता सूची से अपना नाम स्थानांतरण करवा सकते है। डॉ. चोपड़ा ने कर्मचारियों से कहा कि लोगों को जानकारी दें कि चुनाव के पहले अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा लें तथा निर्वाचन संबंधी सुधार, संशोधन कार्य आवश्यक रूप से कर लें। इस दौरान पार्षद व जिला संयोजक नगरीय निकाय प्रकोष्ठ देवीचंद राठी भी उपस्थित रहे।









हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 शराब के नशे में स्कूल में बेसुध पड़ा रहा शिक्षक



12 रासेयो राष्ट्रीय एकता शिविर हरियाणा में सम्मिलित ...



Jain Music and Mobile
अब iPhone प्रतिदिन 69 रुपए में उपलब्ध
24/0 ईएमआई के साथ....
0% INTEREST
इंटरेस्ट व प्रोसेसिंग व डाउनपमेंट में मोबाइल फायनेंस
पुराना मोबाइल लाओ नया मोबाइल ले जाओ।
सभी प्रकार के मोबाइल रिपेयरिंग एवं एसेसरीज उपलब्ध है।
शुभ दीपावली
जैन म्यूजिक एण्ड मोबाइल
9199774070000
9193008285553
क्षेत्र की कोई सीमा नहीं, कश्मीर से कन्याकुमारी तक के नागरिक 0% ब्याज में मोबाइल ले सकते है।
सभी मोबाइल की खरीदी पर निश्चित उपहार
SAMSUNG Finance+ | IDFC FIRST Bank | HOME CREDIT | BAJAJ FINSERV | HDB FINANCIAL SERVICES | TVS CREDIT
SAMSUNG vivo oppo mi realme iQOO NOTHING POCO MOTOROLA
इससे सस्ता कहीं भी मोबाइल मिले तो पैसे वापस
Main Road, Mahasamund C.G.
divas.jain1987@gmail.com

आपकी संतुष्टि हमारा लक्ष्य...
गोलछा साड़ीज
धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर फैंसी वैवाहिक साड़ियों एवं सलवार सूट का विशाल संग्रह
स्टेशन रोड, महासमुंद छ.ग. 493445, फोन : 07723223100
श्री गोलछा इलेक्ट्रॉनिक्स
एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन, फ्रीज, माइक्रोवेव, कूलर, पंखा, इलेक्ट्रानिक्स फर्नीचर्स, सामानों के विक्रेता
BAJAJ FINSERV 0% ब्याज दर पर
स्टेशन रोड, महासमुंद मो. 94255-06161

श्री शिवम ट्रॉली
हमारी ट्राली में उपयोग किया जाने वाला पूरा एंगल, चैनल, प्लेट, उच्च गुणवत्ता प्रमाणित स्टील है...
श्री शिवम एग्रोटेक
ग्राम-लभरा खुर्द, बीज निगम कार्यालय के पास, महासमुंद
-: संबंधित फर्म :-
चंद्राकर बोरवेल्स एवं इंजीनियरिंग, महावीर इंजि.वर्क्स
प्रो. इयन चंद्राकर मो. 94252-15458, 7024733922/ गौरव चंद्राकर मो. 94252-05007

## खबर संक्षेप

### गांव में जुआ खेल रहे सात लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम जमनीडीह में जुआ खेल रहे सात लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि जमनीडीह के आम गली में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जुआ खेल रहे संतकुमार कर्ष पिता गणेश राम कर्ष (28 साल), रामो राम निषाद पिता मंगल सिंग (30 साल), संजय खुंटे पिता आलेख राम खुंटे (27 साल), उत्तरा चतुर्वेदी पिता सनत राम चतुर्वेदी (30 साल), भोला राम पारेश्वर पिता बलिराम पारेश्वर (33 साल), उद्धव सिदार पिता रामा सिदार (38 साल) सभी निवासी जमनीडीह और नील कुमार चौहान पिता फिरत राम चौहान (31 साल) निवासी धोबनीडीह थाना सरसीवा जिला झारबंद बिलाईगढ़ हाल जमनीडीह चौकी भंवरपुर के खिलाफ कार्रवाई की। आरोपियों के कब्जे से नगद 2610 जब्त करते हुए धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

### एक्सीडेंट में युवक घायल

**महासमुंद।** मेला देखकर वापस लौट रहे युवकों को बाइक चालक ने टक्कर मार दिया। जिससे युवकों को चोटें आई है। पुलिस को प्रार्थिया कांता भोई निवासी खैरमाल ने बताया कि 16 अक्टूबर की रात उसका पुत्र योगेश भोई मामा भांचा मेला देखकर स्कूटी क्रमांक सीजी06जीवी5521 से जोगेंद्र सिदार को पीछे बिठाकर वापस खैरमाल आ रहा था। भंवरपुर रोड मोखापुटका के पास करीब 9 बजे सरायपाली की ओर से आ रही मोटर सायकल सीजी10 बीडी 9089 के चालक द्वारा तेज लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया गया।

# अलसुबह और देर रात ठंड दिलाने लगा अहसास, दिन के तापमान में भी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मानसून की विदाई के साथ ही अब मौसम लगातार करवट बदल रहा है। पिछले एक-दो दिनों से अलसुबह और देर रात ठंड का एहसास होने लगा है। वहीं दिन के तापमान में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार दीपावली के बाद से ठंड का मौसम शुरू हो जाएगा और इस बार अच्छी ठंड पड़ने की संभावना है।

बता दें बरसात का सीजन लगभग खत्म हो गया है । इस बार एक जून से आज तक जिले में कुल 975.1 मिमी औसत बारिश हुई है जो सालभर की औसत बारिश का 97.5 प्रतिशत है। अमूमन मानसून सीजन एक जून से 30 सितंबर तक माना जाता है, पर इस बार मानसून के देर से आने के कारण मौसम विभाग 17 सितंबर तक मानसून की विदाई बता रहा था।

पिछले रविवार को चक्रवात 'दाना' के असर के चलते जिला मुख्यालय सहित आस-पास के कई क्षेत्रों मे हल्की बारिश हुई जिसके बाद से ही मौसम बदला है और वातावरण में ठंडकता महसूस होने लगी है। बदलते मौसम के चलते दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही हैं वहीं अलसुबह और देर रात ठंड



महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार सर्दी का मौसम दिवाली के बाद शुरू हो जाएगा यानी अक्टूबर तक मौसम शुष्क सा रहेगा। इस बीच हल्की बारिश हो सकती है।

बाद नवंबर से सर्दी का मौसम शुरू हो जाएगा। इस सर्दी सीजन में ठंड भी अच्छी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। जनवरी में ठंड ज्यादा रह सकती है। मौसम में अब बदलाव शुरू हो गया है और रात में शीत पड़ने लगी हैं।

### बढ़ने लगी मार्निंग वाक और कसरत करने वालों की संख्या

गुलाबी ठंड का एहसास होने के साथ ही शहर की सड़कों,पार्कों, वन विभाग के खेल मैदान और मिनी स्टेडियम व अन्य स्थानों में मार्निंग वॉक और कसरत करने वालों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। खासकर, युवा वर्ग की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। गुलाबी ठंड के साथ ही सुबह हल्का कोहरा भी देखने को मिल रहा है। ऐसे में मार्निंग वॉक करने वालों को मुख्य सड़क के स्थान पर खेल मैदान और पार्कों में मार्निंग वॉक करने की जरूरत है जिससे किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। पिछले कुछ सालों में कोहरे के कारण कई सड़क दुर्घटना हो चुकी है जिससे सतर्क रहने की जरूरत है।

## अनदेखी: मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस ले जाने प्रशासन की कार्रवाई शिथिल

# सड़क चौराहों पर लगा मवेशियों का डेरा राहगीरों एवं दुकानदारों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर चौराहों तक दिन-रात मवेशियों का डेरा लगा हुआ है। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस ले जाने प्रशासन की कार्रवाई शिथिल है, जिससे न सिर्फ लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। वहीं, सड़क पर बैठे मवेशियों के चलते कइ बार सड़क दुर्घटना हो चुकी है। नेशनल हाईवे हो या फिर बरोंडा चौक से बम्हनी, चिंगरौद जाने वाले मार्ग पर दो-चार किमी पर मवेशियों का डेरा सड़क पर



नजर आ जाएगा। नेशनल हाईवे सर्विस लेन से लेकर प्रमुख मार्ग और बनी चौराहों पर इन दिनों मवेशियों का डेरा बना हुआ है, जिससे चौराहों का नजारा किसी गौठान से अलग नहीं है। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस ले जाने संबंधित नगर पालिका द्वारा चलाया जाने वाला अभियान भी नजर नहीं आ रहा है।

गंज पारा रोड पर स्थित चाय दुकान के संचालक चमन बग्गा ने बताया है कि पिछले दिनों दो आवारा मवेशी आपस में भिड़ गए जो लड़ते-लड़ते उनके दुकान में घुस गए, जिससे उनके चाय दुकान का सामान क्षतिग्रस्त हो गया, इस वजह से नुकसान उठाना पड़ गया। उन्होंने बताया है कि यह घटना आए दिन की समस्या बनी हुई है जिससे इस मार्ग के दुकान संचालक परेशान है एवं राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में प्रशासन द्वारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया था, परंतु वर्तमान में यह अभियान लोगों को नजर नहीं आ रहा है। मवेशियों के सड़क पर घूमने से लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### दुर्घटना की आशंका

रात के समय ग्रामीण सड़कों सहित शहर के मुख्य मार्गों पर मवेशियों की उपस्थिति से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। बताया जाता है कि शहर के मवेशियों के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी मवेशी शहर पहुंच रहे हैं। यही वजह है कि इन दिनों बड़ी संख्या में मवेशियों का जमावट शहर के विभिन्न स्थानों व मागों पर नजर आने लगा है। मवेशियों के सड़क पर होने से लोगों को आवागमन करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो वाहन चालकों को वाहन से उतरकर मवेशियों को सड़क से हटाना पड़ जाता है।

# राइस मिलर्स एसोसिएशन के पुनः अध्यक्ष चुने गए पारस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- प्रबंध कारिणी समिति का हुआ मनोनयन, विभिन्न विषयों पर भी हुई चर्चा



राइस मिल्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक हाल ही में शहर के एक होटल में संपन्न हुई। अंत में आगामी 2 वर्षों के लिए प्रबंध कारिणी समिति का मनोनयन किया गया। जिसमें एक बार फिर पारस चोपड़ा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में संरक्षक महेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल, लक्ष्मण पटेल, सचिव तिलोकचंद सांखला, सहसचिव नीरव बरडिया, कोषाध्यक्ष इंदर मित्तल शामिल है। इसके अलावा उप समितियों का भी गठन हुआ। जिसमें भारतीय खाद्य निगम के लिए मनोज जिंदल, सतीश चोपड़ा, प्रतीक चौरड़िया, डा. आदित्य चोपड़ा, नागरिक आपूर्ति निगम के लिए मुकेश चौरडिया, नमन बरडिया, लोकेश चंद्राकर, कृषि उपज मंडी के लिए मनोज पींचा, शिवकुमार गुप्ता, विकास अग्रवाल शामिल किए गए हैं।

### लंबित भुगतान के लिए की जाएगी पहल

बैठक में एसोसिएशन के विगत वर्ष के कार्यों की समीक्षा एवं आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। साथ ही राइस मिलिंग व्यवसाय में आने वाली परेशानियों से से कैसे निपटा जाए, इस विषय पर भी व्यापक चर्चा हुई। बैठक के दौरान मिलरों ने शासन से पूर्व वर्षों के लंबित भुगतान के संबंध में आवश्यक पहल का निर्णय लिया।

### शराब पीकर बहस करने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीकर बहस कर रहे व्यक्ति पर पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस न बताया कि 22 अक्टूबर को डायल 112 में तैनात आरक्षक महेंद्र यदु द्वारा पेशी के दौरान जेएमएफसी न्यायालय पिथौरा में मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोपी रघु जांगडे पिता पुनऊ जांगडे (38 साल) निवासी छुवालीपतेरा को पेश किया गया था। इस दौरान उक्त व्यक्ति शराब सेवन कर बहस करने लगा, जिसके चलते आरोपी के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# गुरु-पुष्य नक्षत्र का पुण्य योग आज, जमकर होगा व्यापार

**महासमुंद।** 27 नक्षत्रों में मुख्य पुष्य नक्षत्र आज गुरुवार को है। आज 9:42 बजे से शुक्रवार को सूर्योदय तक गुरु-पुष्य योग है। इस नक्षत्र में लोगों द्वारा संपति बढ़ाने की परंपरा चली आ रही है। इसे लेकर बाजार की विशेषकर सोना-चांदी व वाहनों के शोरूम सज गए है। इधर, पुष्य नक्षत्र के दिन बाजार में सोना-चांदी की भी खरीददारी जमकर होती है। इसे लेकर सराफा बाजार की दुकानें भी नए लुक में सजे हुए हैं। उनके दुकानों में विभिन्न व नई मॉडल के सोने व चांदी के आइटम सजाए गए है। दुकानदारों ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी पुष्य नक्षत्र के दिन 50 लाख से अधिक के बिक्री की उम्मीद है।

**पुष्य नक्षत्र में किए गए जप, ध्यान, दान महाफलदायी होता है :** पुष्य नक्षत्र की खरीदारी स्थायी व बढ़ोत्तरी वाला गया है। पंडित बीके शर्मा ने बताया कि इस नक्षत्र के स्वामी देवगुरु बृहस्पति हैं। इस दिन बृहस्पति का पूजन करना चाहिए। यह नक्षत्र समृद्धि व संपति बढ़ानेवाला है। बताया कि शिव पुराण में पुष्य नक्षत्र को भगवान शिव की विभूति बताया गया है। इसके प्रभाव से अनिष्ट से अनिष्टकर दोष भी समाप्त और निष्फल हो जाते हैं। पुष्य नक्षत्र सर्व सिद्धिकर है। इस नक्षत्र में किए गए जप, ध्यान, दान महाफलदायी होता है। लेकिन इस नक्षत्र में विवाह व उससे संबंधित सभी मांगलिक कार्य वर्जित है। इस दिन गुरुजनों की सेवा सभी कार्यों को पूर्ण करती है।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय के कर्मचारी फिर करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के सदस्य बैनर तले फिर से अपने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 12 से 14 नवंबर तक बिलासपुर में हड़ताल पर रहेंगे। उक्त 6 सूत्रीय मांगों में लंबित वेतन भुगतान सहित 1 तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान सुनिश्चित हो, नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त किया जाए, नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र ही लागू किया जाए, नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवारों के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र ही प्रदान किया जाए, नगरीय निकायों में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को शीघ्र ही पदोन्नति किया जाए एवं छठवें-सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए। इस संबंध में अरुण साव विभागीय मंत्री द्वारा 26 एवं 27 सितंबर को समीक्षा बैठक में 1 तारीख को वेतन भुगतान करने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश देने के बावजूद भी नगरीय निकायों में अब भी 1 तारीख को वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे नगरी निकाय के कर्मचारियों में रोष है।

ज्ञात हो कि समय पर वेतन की मांग को लेकर नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल दो दिवस में संचालक नगरीय प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था। इसी कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान के लिए नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया था। उसके बाद भी वेतन समय पर भुगतान नहीं होने पर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल की घोषणा की है, जिसकी शुरुआत आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव पर असर होगा। इस संबंध में नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पंकज मेश्राम, प्रांतीय सचिव ऋषभ ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर ने बताया कि विभागीय मंत्री के समीक्षा बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया था कि नगरीय निकाय के कर्मचारियों का वेतन 1 तारीख को अनिवार्य रूप से किए जाने का निर्देश था। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को 1 तारीख को वेतन भुगतान करने आदेश भी जारी किया गया है। लेकिन निर्देश देने के बाद भी नगरीय निकाय के कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। बहुत सारे नगरीय निकायों में अभी भी 1 से 2 माह वेतन भुगतान के लिए लंबित है। उपरोक्त जानकारी नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने दी है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969





## खबर संक्षेप

### स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** उपमुख्यमंत्री, गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के जरूरतमंद हितग्राही के लिए राशि स्वीकृत किए है। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम भोरिंग निवासी अजीत ढीढी के लिए राशि स्वीकृत किया गया है।

### 32 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 08 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विखं के ग्राम डूमरपाली की मृतिका मीना टंडन, ग्राम तमोरा के मृतक भेखराम यादव, ग्राम खट्टी के मृतक तुलाराम मांझी, सरायपाली विखं के ग्राम भोथलडीह के मृतक उस्मन दास एवं ग्राम झिलमिला के मृतक लिंगराम प्रधान के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर सरायपाली विखं के ग्राम केंदूढार की मृतिका सिमरन राणा एवं ग्राम मोहनजुड़ा की मृतका धोबनी बाई उरांव तथा आग में जलने से मृत्यु होने पर ग्राम मुड़पहार की मृतिका सत्यभामा के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**विडंबना : घटना की सूचना शिक्षा विभाग को दी, मचा हड़कंप**

# शराब के नशे में स्कूल में बेसुध पड़ा रहा शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

प्रदेश के अलग-अलग जिलों से

- **स्कूल सुरक्षा को लेकर पूर्व में कलेक्टर को दिया गया था आवेदन, अब तक नहीं हुई कोई सुनवाई**



शराबी शिक्षक के नशे में स्कूल पहुंचने के मामले सामने आते रहते हैं और उनपर कार्रवाई भी होती है। इसके बावजूद शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंच रहे हैं। एक ऐसा ही ताजा मामला जिले के बसना विकासखंड के स्वामी आत्मानंद विद्यालय भंवरपुर में हुआ। जहां व्याख्याता शौकत अली शराब पीकर नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा और स्कूल परिसर में बेसुध होकर घंटों पड़ा रहा। जब इस घटना की जानकारी स्कूल समिति सहित शिक्षा विभाग को मिली, जिससे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को बसना विकासखंड के सेजेस भंवरपुर के व्याख्याता शौकत अली शराब के नशे में बेसमय स्कूल पहुंचा और वहां बेसुध होकर घंटों मैदान में गिरा रहा। इसकी जानकारी होते ही स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, सांसद प्रतिनिधि जीतू वैष्णव, समिति सदस्य बीपी देवांगन एंव पूर्व पालक समिति अध्यक्ष भोज प्रधान तत्काल शाला पहुंचे। साथ ही बसना बीईओ भी कुछ समय बाद पहुंचे और उक्त शिक्षक का डॉक्टरी जांच कराया गया। उसके बाद जांच रिपोर्ट बीईओ बसना को दिया गया। शिक्षक के इस अशोभनीय व्यवहार के चलते विद्यालय सहित स्कूली की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। कुछ बच्चों ने बताया कि उक्त शिक्षक आए दिन ऐसे शराब पीकर स्कूल पहुंचता है और ऐसे ही नशे में वह स्कूल में घूमता रहता है। वहीं मामले की बीईओ द्वारा जांच की गई है अब देखना होगा उक्त शिक्षक के खिलाफ क्या कार्रवाई होता है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि मामले की जांच बीईओ द्वारा किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आते ही संबंधित शिक्षक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल सुरक्षा को लेकर पूर्व में कलेक्टर को दिया गया था आवेदन, अब तक नहीं हुई कोई सुनवाई

सत्र 2023-24 के तात्कालिक पालक समिति अध्यक्ष भोज प्रधान ने बहुत पहले ही स्कूल की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर को आवेदन दिया गया था। जिसमें स्कूल में पिछले साल से मुख्य गेट नहीं होना बताया था। साथ ही बताया था कि स्कूल परिसर के मुख्य गेट नहीं होने से आए दिन असमाजिक व्यक्तियों द्वारा स्कूल परिसर में दारू पीकर बोतल फोड़ने एवं टॉयलेट करने के साथ पूरा स्कूल परिसर को बाहरी व्यक्तियों द्वारा गंदगी फैलाने को लेकर शिकायत की गई थी। साथ ही इन सभी समस्याओं को देखते हुए स्कूल के मुख्य द्वार में गेट का निर्माण करने कहा था। इसी बीच एक महीने पहले ही कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा इस स्कूल को विजिट किया गया था, जहां आरईएस विभाग बसना द्वारा बनाई गई गेट निर्माण के इस्टीमेंट को भोज प्रधान द्वारा कलेक्टर को दिया गया था। एक साल बीत जाने के बाद भी अब तक वहां गेट नहीं लगाया गया, जिसका परिणाम कल देखने को मिला। जहां शराबी शिक्षक द्वारा स्कूली रिकॉर्ड में अनुपस्थित रहकर दोपहर 3 बजे शराब पीकर स्कूल का मेन गेट खुले होने की वजह से बेसमय स्कूल में प्रवेश किया गया और इस तरह यह घटना हुई। अगर प्रशासन इस ओर आगे ध्यान नहीं देता है तो भविष्य में और भी गंभीर घटना हो सकती है।

# अहिल्याबाई का जीवन भारतीय इतिहास का महापर्वः सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



स्थानीय स्वाध्याय केंद्र भवन में पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष में महासमुंद विभाग की बैठक का आयोजन राजिम विभाग की संयोजिका सरोज देवांगन, सह संयोजिका नीलू रजक, धमतरी विभाग संयोजिका गोदावरी साहू सहित महासमुंद विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई।

इस कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए महासमुंद विभाग की संयोजिका ललिता अग्रवाल ने कहा कि 31 मई 2024 से देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह वर्ष का आयोजन पूरे देश भर हो रहा है, और यह जयंती वर्ष आगामी मई 2025 तक मनाई जाएगी। अहिल्याबाई होल्कर के कार्यो और विचारों को लेकर सभी विभागों में सतत कार्यक्रम का आयोजन आगामी समय में भी होना है। कार्यक्रम में मार्गदर्शन के लिए उपस्थित राजिम विभाग की संयोजिका सरोज देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर कर्तव्य, सादगी, धर्म के प्रति समर्पण के साथ कुशल शासक की प्रतिमूर्ति थी। उनका जीवन भारतीय इतिहास का महापर्व है। सरोज ने कहा कि उनका शासनकाल भूमिहीन किसानों, भील जाति और विधवा महिलाओं के हितों के लिए समर्पित रहा मंदिरों के जीर्णोद्धार, समाज सुधार, कृषि, जनकल्याण और शिक्षा के लिए गए वृहद कार्यों के कारण उन्हें पुण्यश्लोक की उपाधि दी गयी। राजिम विभाग की सहसंयोजिका नीलू रजक ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के सभी वर्गों का सम्मान, सुरक्षा और प्रगति का अवसर देने वाली समरसता की दृष्टि उनके शासन का आधार रही है। त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति अहिल्याबाई होल्कर के बताये राह पर चलकर ही हम उनकी 300वी जन्मशताब्दी वर्ष को सार्थक और सफल बना सकते है। महासमुंद विभाग की संरक्षक अनिता जी रावटे ने भी पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि साधारण पृष्ठभूमि वाले किसान परिवार की बालिका से असाधारण शासनकर्ता तक की उनकी जीवनयात्रा आज भी हम सभी के लिए महान प्रेरणास्त्रोत है। अहिल्याबाई द्वारा तीर्थस्थानों में बनाए गए मंदिर, घाट, कुंआ, बावड़ी का निर्माण धर्म के प्रति उनकी आस्था का परिचायक है। विषम और विकट परिस्थियों में किए गए उनके कार्य सदैव चिरस्मरणीय रहेंगे। केंद्र और विभिन्न राज्यों की सरकार में अहिल्याबाई होल्कर के नाम से कई योजनाओं का संचालन हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन दुर्गावाहिनी की वंदना सेन और आभार महासमुंद विभाग की सहसंयोजिका मीना वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धमतरी के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल बरडिया, संरक्षक निरंजना शर्मा, सुजाता विश्वनाथन, सुधा साहू, कार्यकारिणी सदस्य अरुणा शुक्ला, तारा चंद्राकर, राज ठाकुर, सुनिता देवांगन, शुभ्रा शर्मा, सुरेखा कंवर, अल्का पुंज, सह संयोजिका हेमकांति देवांगन, विशेष आमंत्रित सदस्य यमुना ठाकुर, लता चंद्राकर, सुमति साहू, कुमुदनी साव, मीना बैस, अंजू चंद्राकर, रेणु चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, दीक्षा चंद्राकर, चांदनी साहू उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की नशामुक्त भारत अभियान के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक के दौरान नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्ति के संबंध में विभागों से गत माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गठित समिति के सदस्यों को नशामुक्त भारत अभियान के तहत सघन रूप से व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।




बैठक में कलेक्टर लंगेह ने समाज कल्याण विभाग को कहा कि वे शासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक एक-एक मास्टर वालंटियर नियुक्त करें। इसके अलावा, विद्यालय या महाविद्यालय स्तर पर एक शिक्षक को समिति में शामिल किया जाए। उन्होंने जमीन स्तर पर नशा के विरुद्ध कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने युवाओं, बच्चों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं और जन समुदाय की भागीदारी के साथ मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए हॉटस्पॉट का चिन्हांकन कर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा स्कूल व कॉलेजों में निरंतर अभियान चलाए जाए व शिक्षकों द्वारा नशामुक्ति पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि, अधिक से अधिक युवाओं को मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक कर उन्हें रोका जा सके। साथ ही स्कूल और कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में नशीली पदार्थों के विक्रेताओं को हटाने के लिए कहा गया है। उन्होंने पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग के आपसी समन्वय से अवैध तरीके से हो रहे नशे के व्यवसाय पर सख्त से सख्त कार्रवाई करते पूर्णतः विराम लगाए जाने की दिशा में कार्य करने कहा। इस अभियान का उद्देश्य स्कूल, जिले, राज्य और पूरे भारत स्तर पर नशा मुक्ति की शुरुआत करना है।

# जिले के महाविद्यालयों का अग्रणी प्राचार्य ने किया निरीक्षण, लेखा व निर्माण कार्यों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद जिले के अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल द्वारा कार्यालय आयुक्त के आदेश के परिपालन में चंद्रपाल डडसेना शासकीय महाविद्यालय पिथौरा, लोहराकोट, सरायपाली, बसना, पिरदा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लेखा शाखा, भवन एवं अन्य निर्माण संबंधी, जनभागीदारी, महाविद्यालय के उपलब्धि, महाविद्यालय में उपलब्ध कंप्यूटर की संख्या, महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की क्रमोन्नति, पदोन्नति संबंधी लंबित प्रकरणों की जानकारी, शिक्षक संबंधी जानकारी पानी की व्यवस्था विभागीय ऑडिट की जानकारी महाविद्यालय प्रारंभ होने की जानकारी, अतिथि शिक्षकों की जानकारी, ग्रंथालय एवं क्रीड़ा संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। पिथौरा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस तिवारी, बीएस ठाकुर, डॉ. पीके भोई, बृजलाल पटेल, एसके साव द्वारा उपरोक्त समस्त बिंदुओं की क्रमवार जानकारी प्राचार्य को प्रदान की गई।

प्राचार्य डॉ. अनुसुइया ने पिथौरा महाविद्यालय के प्राचार्य को निरीक्षण उपरांत 2002 के बाद से ऑडिट नहीं होने पर महाविद्यालय के ऑडिट करने संबंधी निर्देश दिए। शासकीय महाविद्यालय लोहराकोट का निरीक्षण किया। प्रभारी प्राध्यापक बीएस ठाकुर से स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 के अंतर्गत विद्यार्थियों की सहमति उपरांत आवंटन किए जाने एवं प्रवेश की जानकारी भी प्राप्त की एवं निर्देश भी दिए। लोहराकोट महाविद्यालय के अतिथि शिक्षकों से भेंटकर उनके अध्यापन व्यवस्था संबंधी जानकारी प्राप्त की। पीके मूवी आचार्य शासकीय महाविद्यालय सरायपाली से स्ववित्तीय संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। अग्रणी महाविद्यालय के निरीक्षण दल में डॉ. रीता पांडेय कला संकाय प्रभारी एवं मुकेश कुमार साहू सहायक ग्रेड 1 उपस्थित रहे। निरीक्षण उपरांत निर्धारित प्रारूप में निरीक्षण प्रतिवेदन अभिव्यक्त सहित उच्च शिक्षा संचालनालय को भेजा जाएगा।

### मारपीट के दो मामले

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पहली घटना को लेकर पुलिस को प्रार्थी नीलांचल बंछोर निवासी जंगलबेड़ा ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात खाना खाकर टहलने के लिए निकला था। रात करीब 09 बजे आरोपी ने ओमप्रकाश तांडी ने गाली गलौज करते हुए ईंट से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की।दूसरे मामले में प्रार्थी द्वाशराम पटेल निवासी चकरदा ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर की रात गांव के रामेश्वर भोई के साथ जगदीश किराना दुकान के परछी में बैठकर बातचीत कर रहे था। तभी रात करीब नौ बजे गांव का ताराचंद बंजारा आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज किया और बेल्ट से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।






# रासेयो राष्ट्रीय एकता शिविर हरियाणा में सम्मिलित हुए स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार (हरियाणा) में 11 से 17 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले से शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से डॉ.अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य एवं डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के मार्गदर्शन में स्वयंसेवक दिनेश कुमार साहू एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर ने राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय एकता शिविर में देशभर के 20 राज्यों के 200 स्वयंसेवक सम्मिलित हो रहे है। प्रथम दिवस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी वाइस चांसलर चौधरी बाबू लाल विश्वविद्यालय हरियाणा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ में सभी राज्यों ने अपने परिचय गीत नृत्य के माध्यम से अपने राज्य संस्कृति के माध्यम से झलक बिखेरा, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने मोर छत्तीसगढ़ महतारी तोला बारंबार प्रणाम हे गीत पर स्वयंसेवकों ने प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय एकता शिविर का दूसरा दिन कौशल विकास व सोसल मीडिया पर चर्चाएं चली। डिजिटल साक्षरता पर भी चर्चा हुई। विजय दशमी के खास अवसर पर रावण दहन कर दशहरा पर्व मनाया गया। राष्ट्रीय एकता शिविर का तीसरा दिन कुरुक्षेत्र में ले जाया गया, जहां महाभारत कथा की वो पवित्र स्थल जहां पर महाभारत का युद्ध हुआ था। और जहां पर कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। स्वयं सेवकों को महाभारत कथा के सार तत्व को बताया गया। पश्चात सारे स्वयंसेवकों को कुरुक्षेत्र पैनोरमा, विज्ञान केंद्र घुमाया गया। धरोहर हरियाणा संग्रहालय घुमाया गया। जहां पर कुरुक्षेत्र का सांस्कृतिक, पारंपरिक जीवन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त किए। राष्ट्रीय एकता शिविर का चौथा दिन नियमित दिनचर्या में आकर्षण प्रश्न मंच विभिन्न प्रतियोगिता हुई। जिसमें पोस्टर, रंगोली व भाषण का आयोजन किया गया।

भारतीय इतिहास विशेषज्ञ डॉ महेंद्र सिंह ने भारतीय इतिहास के बारे से लेकर आधुनिक डिजिटल भारत तक का इतिहास के बारे में जानकारी स्वयं सेवकों को दी। शिविर के पांचवे दिवस सभी राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुति की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के स्वयंसेवकों द्वारा लोक नृत्य पंथी, सुआ नृत्य, राउत नाचा, बारहमासी, कर्मा ददरिया की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय एकता शिविर के साथ ही छठवां दिन योग के साथ श्रमदान किया गया। 16 राज्यों से आये स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया जिसमें गार्डन, सड़क, व भवनों के मैदान सार्वजनिक जगहों पर अभियान चलाया गया। समापन दिवस में अतिथियों ने माल्यार्पण, मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर एकता पर्व में 16 राज्यों से आए स्वयंसेवकों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों की झलकियां प्रस्तुत किए। प्रत्येक राज्यों के स्वयं सेवकों ने अपनी भाषा वेशभूषा और कला संस्कृति को उजागर किया। समापन सत्र पर मुख्य अतिथि कलेक्टर, कुलपति, आरडी दिल्ली व आरडी अंजू गुप्ता शामिल हुए।

इस सत्र पर विभिन्न चर्चाओं और उद्बोधनों के साथ स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र और कार्यक्रम अधिकारियों और क्रीड़ा के विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने भी मोर छत्तीसगढ़ महतारी हे जीहां सुख और दुःख के चिन्हारी हे पर नृत्य किया। सफल शिविर में सम्मिलित होने पर प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए हर्ष जताया। साथ ही महाविद्यालय प्राध्यापकगण करुणा दुबे, डॉ. रीता पांडेय, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई, डॉ. सीमारानी प्रधान, प्रदीप कन्हेर, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई, डॉ. अजय कुमार देवांगन, प्रियंका सोनवानी, मुकेश साहू, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र एवं महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी सहित रासेयो स्वयंसेवकों दल नायक गोपी सिन्हा, मनोज देवांगन, शीतल देवांगन, खुशबू कन्नौजे ने हर्ष जताया है।

### बाइक चोरी के तीन अलग-अलग मामले

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थानों में बाइक चोरी की तीन घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पहले मामले को लेकर बागबाहरा थाने में कुलदीप कुमार पटेल निवासी कोपरा गरियाबंद ने बताया कि 8 अक्टूबर को वह अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एमई 9675 को अपने भाई के साथ चंडी मंदिर घुंचापाली दर्शन के लिए आया था। वह अपने मोटर सायकल को मरार समाज के भवन के पास रखकर चंडी माता के दर्शन के लिए गया था। वापस आकर देखा तो बाइक वहां पर नहीं थी। आसपास मोटर सायकल के संबंध में पूछताछ कर पता तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। वहीं तुमगांव थाने में कुंजराम चक्रधारी निवासी कुरूद कुटेला थाना आरंग ने बताया कि 21 अक्टूबर को दीया बेचने के लिए अपनी मोटर सायकल सीजी 07 बीक्यू 7644 से आया था। दीया बेचकर वापस घर जा रहा था कि शाम 6 बजे अपने वाहन को बैराज के पहले रोड किनारे ग्राम अछोला में खड़ी कर शौच करने चला गया था। शौच करके वापस आने पर देखा तो गाड़ी नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात आरोपी ने चोरी कर लिया। तीसरे मामले को लेकर प्रार्थी पवन कुमार साहू तुमगांव ने बताया कि उसकी बाइक सीजी 06 जीवी 5919 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से चोरी हो गई। पता तलाश करने पर भी नहीं मिली। रिपोर्ट पर पुलिस ने उक्त सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।


